तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

5

अर्नब तूफान से धान की फसल गिरी, नुकसान का सर्वे करने कृषि विभाग की बनाई गई टीम



खबर संक्षेप

पीएम किसान सम्मान किश्त जारी, किसानों के खाते में आये 15.94 करोड़

कोरबा। पीएम-किसान योजना के अंतर्गत जिले के 79138 लाभार्थी कृषक परिवारों के बैंक खातों में 24वीं किस्त के रूप में कुल 15.94 करोड़ की राशि अंतरित की गई है। पीएम-किसान भारत सरकार की शत-प्रतिशत वित्त पोषित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसके तहत पात्र कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार की आय सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किस्त में 2 हजार की राशि चार माह के अंतराल पर सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाती है। योजना में किसान परिवार से आशय पति, पत्नी और नाबालिग बच्चों से है। पात्र परिवारों की पहचान योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन द्वारा की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र कृषक परिवारों का ई-केवाईसी, आधार सीडिंग तथा भूमि अभिलेख एकीकरण (लैंड सीडिंग) की प्रक्रिया पूर्ण होना आवश्यक है। पंजीयन से वंचित पात्र किसान च्वाइस सेंटर जाकर पहले अपनी फार्मर आईडी बनवाएं। इसके बाद वे पीएम-किसान योजना के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

विजयनगर स्कूल में ई-कचरा प्रबंधन सह न्योता भोज कार्यक्रम संपन्न

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के स्पेशल कैम्पेन-6 के तहत ई-कचरा प्रबंधन कार्यक्रम जो कि इको क्लब फार मिशन लाईफ अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल विजयनगर में 2 से 28 अक्टूबर तक ई-कचरा से होने वाले मानवीय परेशानी से निजात पाने कक्षा एक से कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं, पालकों व ग्रामीणों को जागरूक कर इसके संग्रहण कर इ-वेस्ट बाक्स में संग्रहीत कर इसके कबाड़ से जुगाड लगाकर दसवीं की छात्रा कुमारी अनुष्का अनंत ने व्याख्याता डा अनिता पटेल, श्रीमती अलका सोनी व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में ई-कचरा को एक चलित व सक्रिय माडल द्वारा बर्न कर उर्जा में परिवर्तन कर ई-कचरा के रिसाइक्लिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के अनेकों विद्यार्थियों ने एल इडी , चार्जर, कैल्क्युलेटर, विभिन्न बैटरियों, रिमोट, कीबोर्ड, मदर बोर्ड आदि अनेक वस्तुओं को जमा किया गया। इसके निस्तारण हेतु व्यवस्थित उपचार किया जा रहा है। कक्षा नवमी व दसवीं के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभा को ई-कचरा प्रबंधन हेतु किये जानेवाले निस्तारण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों को न्योता भोज कराया गया।

हरिकिशन स्कूल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित

कोरबा। श्री हरिकिशन पब्लिक स्कूल में 23 अक्टूबर को इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय स्कूल स्वास्थ्य सहयोगात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, भावनात्मक संतुलन तथा व्यक्तिगत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. विशाल उपाध्याय कृष्णा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल तथा विशिष्ट वक्ताओं के रूप में डॉ. ओमेश खुराना, डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. मधुश्री देशपांडे एवं डॉ. माला चौधरी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर परविंदर सिंह भाटिया, सुखविंदर सिंह धनजल एवं प्राचार्य रविंद्र सिंह उपस्थित रहे।

स्पेशल कैंपेन 6 के अंतर्गत एसईसीएल ने निर्धारित लक्ष्यों को किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने स्पेशल कैंपेन 6 के अंतर्गत स्वच्छता, स्क्रैप निपटान, स्थान के बेहतर उपयोग एवं रिकॉर्ड प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज करते हुए कई निर्धारित लक्ष्यों को समय से पहले पार कर लिया है। एसईसीएल ने निर्धारित 225 स्थलों के लक्ष्य के मुकाबले 226 स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की हैं। इस दौरान 40 लाख वर्गफुट के लक्ष्य के विरुद्ध 47 लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में स्वच्छता कार्य किया गया है।

अभियान के अंतर्गत एसईसीएल ने 3300 मीट्रिक टन के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 4602 मीट्रिक टन स्क्रैप का निपटान कर लगभग 26.17 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। यह उपलब्धि संसाधनों के बेहतर उपयोग, व्यवस्थित स्क्रैप निपटान एवं कार्यस्थलों के प्रभावी प्रबंधन की दिशा में कंपनी के प्रयासों को दर्शाती है। स्पेशल कैंपेन 6 के अंतर्गत एसईसीएल ने भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक फाइलों के प्रबंधन में भी निर्धारित लक्ष्यों से अधिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 500 भौतिक फाइलों की समीक्षा के लक्ष्य के विरुद्ध 2100 फाइलों की समीक्षा की है, जबकि 200 के लक्ष्य के मुकाबले 872 भौतिक फाइलों की नियमानुसार छंटनी कर उन्हें रिकॉर्ड से हटाया गया है। इसी प्रकार 7000 ई-फाइलों की समीक्षा के लक्ष्य के विरुद्ध 14215 ई-फाइलों की समीक्षा की गई है। वहीं 3000 ई-फाइलों को बंद करने के लक्ष्य के मुकाबले 13708 ई-फाइलों का निस्तारण किया गया है।

स्क्रैप निपटान से अर्जित किए 26.17 करोड़

खास बात

- 226 स्थलों पर 47 लाख वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में स्वच्छता कार्य, 4602 मीट्रिक टन स्क्रैप का निपटान



ई-वेस्ट प्रबंधन एवं वेस्ट टू वेल्थ पहल

स्पेशल कैंपेन 6 में ई-वेस्ट के प्रभावी संग्रहण, पृथक्करण एवं निपटान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत एसईसीएल मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों में ई-वेस्ट संग्रहण अभियान चलाए जा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा पुराने एवं अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जमा करने के लिए विशेष ई-वेस्ट संग्रहण बिन स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बिन का निर्माण भी अनुपयोगी सामग्री से किया गया है, जो 'वेस्ट टू वेल्थ' अर्थात कचरे से उपयोगी संसाधन बनाने की अवधारणा का उदाहरण है। एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में भी ई-वेस्ट संग्रहण एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

लगातार बारिश की वजह से कई इलाकों में बार बार आता रहा फाल्ट

अर्नब चक्रवात, तूफान व बारिश ने अंचल में मचाई तबाही, 24 घंटे डटे रहे बिजलीकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र में चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। मंगलवार की सुबह 11 बजे से शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौर बुधवार को भी लगातार जारी रहा। बारिश और तेज हवाओं के कारण जिले के कई क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई, लेकिन बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की बदौलत आपूर्ति को ज्यादा देर बाधित नहीं होने दिया गया। तूफान की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बिजली वितरण विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया था। जिसके उपरांत अधीक्षण यंत्री राजकुमार सोनकर ने जानकारी दी कि चक्रवात अर्नब के खतरे को देखते हुए पूरे जिले में विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया था और सभी टीम सदस्यों को 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए थे। अर्नब तूफान की वजह से कई इलाकों में बिजली लाइनों और सप्लाई में व्यवधान आया था लेकिन हमारी पूरी टीम 24 घंटे मैदानी स्तर पर मुस्तैद है। लगातार हो रही बारिश के बावजूद जहां भी फॉल्ट की सूचना मिल रही है, टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य में जुट जाती है। पिछले तीन दिनों से दिन-रात काम करके हर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। बिजली विभाग की इस पूर्व तैयारी और मुस्तैदी का ही परिणाम है कि भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के बावजूद जिलेवासियों को बिजली कटौती की गंभीर समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। विभाग का कहना है कि जब तक तूफान का असर रहेगा, तब तक यह विशेष निगरानी और 24 घंटे की सेवा व्यवस्था लगातार जारी रहेगी।



पोल में चढ़कर मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी।

तीन दिनों से टीम थी अलर्ट मोड पर

अर्नब तूफान की वजह से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई थी। तूफान और लगातार बारिश की वजह से लाइन में फाल्ट आ रहे थे। खासतौर पर सिंगल फाल्ट की समस्या ज्यादा थी। विभाग की कर्मी लगातार बारिश में काम कर विद्युत व्यवस्था को सुचारु रुप से चालू रखने में सफल रहे। शुक्रवार को भी टीम अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैद रही।

- राजेश चौहान
डीई कोरबा शहर

चार दिन से लापता युवक की नहर में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीडुग्गू निवासी सतीश रजक की लाश बरामद की गई है। मृतक की पहचान इमलीडुग्गू निवासी सतीश रजक के रूप में हुई है। युवक मंगलवार की शाम से लापता था। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका था।

जानकारी के अनुसार, सतीश रजक मंगलवार की शाम बिना किसी को बताए घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शुक्रवार की सुबह राहगीरों ने सायफन नहर पुल के पास पानी में एक शव तैरते हुए देखा। इसकी सूचना मिलने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान सतीश रजक के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही कोरबा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और उसका शव नहर तक कैसे पहुंचा, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

कलचुरी पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड फाउंडेशन कोर्स का हुआ आयोजन

दीपका। कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल झाबर दीपका में की गई। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्काउट-गाइड फाउंडेशन कोर्स का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और समाजसेवा की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपीएस विद्यालय के प्राचार्य एसआर अमित एवं आकाश यादव उपस्थित रहे।

उद्योग मंत्री ने किया 91.21 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने शुक्रवार को निगम के पंडित रविशंकर शुक्ल नगर जोन अंतर्गत एसबीएस कॉलोनी एवं गायत्री नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में 91.21 लाख की लागत के 6 विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नगर एवं जिले में बड़ी विकास परियोजनाओं के साथ-साथ वार्डों और मोहल्लों की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दे रही है। जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर उन्हें धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें सफलता भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर के सभी वार्डों में आंतरिक सड़कों का बेहतर निर्माण हो तथा जल निकासी के लिए व्यवस्थित नालियों की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। विभिन्न मदों से विकास कार्यों के लिए लगातार राशि स्वीकृत हो रही है और विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से राज्य शासन के विभिन्न मदों एवं जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से कोरबा नगर को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी का परिणाम है कि नगर निगम के सभी 67 वार्डों में एक साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं।



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर।

फसल बीमा के नाम पर किसानों से छल, खड़ी फसल की नुकसानी देने नहीं है प्रावधान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान नहीं, बल्कि पूरी तरह से घाटे का सौदा साबित हो रही है। योजना के नाम पर इस साल बीमा कंपनी ने प्रीमियम के तौर पर 471 लाख रुपए वसूले हैं, लेकिन अभी अर्नब तूफान के चलते बीते तीन दिनों से बेमौसम बरसात और तेज हवाओं से खड़ी फसलों को जो नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई बीमा कंपनी के नियम के अनुरूप नहीं करेगी। इतना ही नहीं जिन किसानो की खेत में कटी फसल खराब हुई है, उनकी क्षतिपूर्ति भी ग्राम पंचायत स्तर पर आंकलन के आधार पर होगी।

गौरतलब है कि अर्नब तूफान के कारण जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बरसात और तेज हवाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जिन खेतों में धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी थी, वह बालियों सहित जमीन पर गिर गई है। खेतों में घुटने भर पानी भर गया है और पानी की धार बह रही है। अर्ली वैरायटी का धान जो कटकर खेत में पड़ा था, वह भीगकर ख़राब होने लगा है और उसमें अंकुरण का खतरा मंडराने लगा है। कई जगहों पर करपा पड़ा धान भी पानी में डूब गया है। इससे उत्पादन पर सीधा 30 से 40 प्रतिशत तक असर पड़ने की आशंका है, लेकिन किसानों से करोड़ों रुपये का प्रीमियम वसूल करने वाली बीमा कंपनी इस पूरे नुकसान की भरपाई बीमा नियमों के अनुरूप किसानों को नहीं करेगी। दरअसल फसल बीमा के जो मापदंड तय किए गए हैं, उसके अनुसार उन्हीं किसानों को इस नुकसान की भरपाई मिलेगी जिनकी फसल तैयार होकर कट चुकी है और खेत में कटी पड़ी है।

खास बात

- प्रीमियम में कंपनी ने कमाए 471 लाख, खेत में कटी फसल का आंकलन पंचायत स्तर पर



चक्रवात तूफान के चलते फसल हुई बर्बाद।

नियम के अनुरूप भुगतान

फसल बीमा में क्लेम का भुगतान नियमानुसार किया जाता है। खड़ी फसलों को जो क्षति हुई है, वह इस दायरे में नहीं आती। बाकी जो फसल कटकर खेत में पड़ी है। उसकी नुकसानी का आंकलन पंचायत स्तर पर होगा और बीमा की राशि नुकसानी के आधार पर दी जाती है। किसान 14447 नंबर पर क्लेम कर सकते है।

-कृष्णा प्रधान
जिला प्रतिनिधि, बजाज जनरल इंश्योरेंस

देना चाहिए लाभ

किसान अपने धान की फसल नुकसान होने की स्थिति में उसकी भरपाई को लेकर बीमा कराते है कृषकों को बीमा का लाभ देना चाहिए इसे लेकर मंच के द्वारा मांग भी की जाती है।

-संदीप तिवारी, सहसंयोजक
कृषक चेतना मंच जांजगीर चांपा

दीवाली के पूर्व खरीदी के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है

पुष्य नक्षत्र कल, खरीदारी को लेकर सजा बाजार, व्यापारियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली से ठीक पहले आने वाले ज्योतिषीय दृष्टि से सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण पुष्य नक्षत्र का योग इस बार बाजार में जबरदस्त रौनक लेकर आ रहा है। इसे सभी प्रकार की खरीदारी, विशेषकर अचल संपत्ति, वाहन, स्वर्ण आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान और निवेश के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। व्यापारियों में इसे लेकर जबरजस्त उत्साह देखा जा रहा है। औद्योगिक कर्मचारियों को मिले बोनस से खरीदी में भी उछाल आएगा।

स्थानीय ज्योतिषीय गणना के अनुसार में पुष्य नक्षत्र के दौरान खरीदारी का विशेष महत्व रहता है, क्योंकि इस नक्षत्र में की गई खरीदारी लंबे समय तक समृद्धि और स्थायित्व प्रदान करती है। शास्त्रों के अनुसार, पुष्य नक्षत्र के देवता देवगुरु बृहस्पति और स्वामी शनि हैं, जो ज्ञान, स्थिरता और दीर्घायु प्रदान करते हैं। यही कारण है कि इस नक्षत्र में की गई खरीदारी कभी क्षीण नहीं होती, बल्कि उसमें लगातार वृद्धि होती है। क्षेत्र के स्थानीय पंचांग और समयानुसार पुष्य नक्षत्र का प्रभाव इस प्रकार रहेगा। नक्षत्र आरंभ सामान्यतः पुष्य नक्षत्र सूर्योदय से अगले दिन तक प्रभावी रहता है। पुष्य नक्षत्र के पूरे दिन और रात्रि के दौरान किसी भी समय शुभ वस्तुओं की खरीदारी की जा सकती है। इस दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग इसे और भी अधिक फलदायी बना रहा है। इस नक्षत्र का प्रभाव पूरे दिन और देर रात तक रहेगा, जिससे कामकाजी लोगों को भी खरीदारी के लिए भरपूर समय मिलेगा। मुख्य बाजार जैसे दर्री, सीएसईबी चौक, पावर हाउस रोड, पुराना कोरबा और नि-मुआ के व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। दीपावली के ठीक पहले पुष्य नक्षत्र होने के कारण सराफा बाजार, ऑटोमोबाइल सेक्टर (कार और दोपहिया वाहन), और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बंपर बिक्री की उम्मीद जताई जा रही है। पुष्य नक्षत्र में सोना-चांदी खरीदना मां लक्ष्मी के स्थायी वास का प्रतीक माना जाता है। इस बार हल्के और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ-साथ पारंपरिक आभूषणों की मांग सबसे ज्यादा है। जिले में गाड़ियों की बुकिंग और डिलीवरी के लिए लोग इस मुहूर्त को सबसे उत्तम मान रहे हैं। कई स्थानीय शोरूम्स ने इस दिन के लिए विशेष ऑफर्स और डिस्काउंट की घोषणा भी की है। नया मकान, प्लॉट या कमर्शियल स्पेस की बुकिंग के लिए भी यह दिन कोरबा के निवेशकों के बीच खासा लोकप्रिय रहेगा।



खरीदारी करते हुए ग्राहक।

डीएवी गेवरा का नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन

कोरबा। नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल गेम्स 24 से 26 अक्टूबर में डीएवी गेवरा के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के 49 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें कु आकांक्षा सिंह कक्षा 7 बी ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी तरह कनक चतुर्वेदी, 9 ए ने बॉक्सिंग में ब्रांज मेडल, दिवजोत सिंह संधू 11 सी ने वेट लिफ्टिंग में ब्रांज मेडल, तथा प्रियांशु राज ने ताईक्वांडो में ब्रांज मेडल जीता। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा अरविंद चड्ढा, रमेश सिंह, भुवनेश्वर साहू, प्रीतेश कुमार, दीप्ति ठाकुर एवं नलिनी चंद्रा का योगदान रहा।

CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

खबर संक्षेप

एसईसीएल के पुनर्वास ग्रामों को मॉडल बसाहट के रूप में विकसित करें : कलेक्टर

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र में खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले ग्रामों के पुनर्वास हेतु चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पुनर्वास स्थलों में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी स्थानों पर बुनियादी सुविधाओं का बेहतर विकास सुनिश्चित करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पुनर्वास स्थलों को मॉडल पुनर्वास ग्राम के रूप में विकसित किया जाए, जहां विस्थापित होने वाले परिवारों को सड़क, पेयजल, नाली, जल निकासी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।
कलेक्टर श्री दुदावत ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित ग्राम पाली-पड़निया के लिए ग्राम तरदा के जंगलपारा में विकसित किए जा रहे पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया। इसी तरह एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार के लिए ग्राम बिरदा तथा ग्राम नरईबोध के लिए गेवरा-इमलीछापर रोड स्थित ग्राम जहराजेल एवं अधिग्रहित ग्राम रलिया के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के लिए ग्राम दर्री में विकसित किए जा रहे स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तरदा जंगलपारा स्थित पुनर्वास स्थल पर भूखंड के जमीनी स्तर का समतलीकरण, पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था तथा पहुंच मार्ग निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षक बनकर बच्चों की ली कक्षा, पढ़ाई और स्कूल की सुविधाओं पर किया संवाद

कोरबा। स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचकर कलेक्टर ने न केवल उनकी पढ़ाई का जायजा लिया, बल्कि स्वयं शिक्षक बनकर गणित के सवाल हल कराए और अंग्रेजी के पाठ पढ़वाकर उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनसे बातचीत कर पढ़ाई, विद्यालय की सुविधाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम तरदा और सराईसिंगार के प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, भोजन व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्माण, मरम्मत एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्राथमिक शाला तरदा एवं सराईसिंगार में बच्चों के साथ कक्षा में समय बिताया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल लिखकर बच्चों से हल करवाए और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी के पाठ पढ़वाए और उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया, जिससे उनकी पढ़ने और समझने की क्षमता का जायजा लिया। सराईसिंगार प्राथमिक शाला की कक्षा पांचवीं में वे बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीयता से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों को नियमित पढ़ाई करने, मन लगाकर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और उनकी जरूरतों के बारे में भी चर्चा की।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया ई-कचरा प्रबंधन दिवस

कोरबा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली में ई-कचरे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके समुचित प्रबंधन एवं सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ई-कचरे के पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ई-कचरे की उत्पत्ति, उसके दुष्परिणामों, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की प्रक्रिया तथा उसके सुरक्षित निस्तारण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता एसआर श्रीवास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपयोगी हो जाने पर उन्हें अक्सर इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जिससे ई-कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ई-कचरे का अनुचित निस्तारण मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित करता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य, जीव-जंतुओं तथा संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है।

एसईसीएल गेवरा में मानव शृंखला से गूंजा सतर्कता ही समृद्धि है का संदेश

कोरबा। एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा के व्यू प्वाइंट पर मानव शृंखला बनाकर एसईसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत गेवरा क्षेत्र में आयोजित संकल्प दिवस का यह विशेष आकर्षण रहा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने सतर्कता ही समृद्धि है का संदेश दिया। केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के क्रम में आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, गेवरा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोरबा में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, कोसाबाड़ी से घंटाघर तक निकली पदयात्रा

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत भाजपा की पद यात्रा



पदयात्रा में शामिल उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजूदेवी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपालमोदी व अन्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ के समर्थन में विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में उमड़े जनसैलाब ने शहर में भाजपा की ताकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रदर्शन किया। कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

पदयात्रा में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी बृजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पूरे मार्ग में लोकतंत्र के समर्थन और पार्टी के राजनीतिक संदेश को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भाजपा की इस पदयात्रा का उद्देश्य वोट चोरी के आरोपों एवं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चल रही राजनीतिक बहस के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया के समर्थन में पार्टी का पक्ष जनता तक पहुंचाना रहा। पदयात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और मतदाता सूची के शुद्धिकरण को निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक बताया।

जेएनयू की छात्राओं से दुर्व्यवहार पर भड़का आक्रोश



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को टीपी नगर में विशाल आक्रोश धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा ने नारी सम्मान, महिला सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की शीर्ष नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसमें महापौर संजू देवी राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

जनता का भरोसा प्रधानमंत्री मोदी के साथ : गोपाल

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कार्यकर्ताओं एवं पदयात्रा में शामिल नागरिकों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि खराब मौसम के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने तथा अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। एसआईआर का समर्थन करते हुए गोपाल मोदी ने सवाल किया कि मृत, स्थानांतरित और निवास बदल चुके मतदाताओं के नामों का सत्यापन करना गलत कैसे हो सकता है।

भ्रम फैलाने से नहीं मिलेगी सत्ता : संजूदेवी

महापौर संजू देवी राजपूत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एसआईआर को राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मतदाता सूची पुनरीक्षण पर राजनीति करने के बजाय जनता के वास्तविक मुद्दों पर बात करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भी कटाक्ष किया।

चुनावी हार से बौखलाई है कांग्रेस : लखन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी राजनीतिक हताशा को प्रदर्शित करती है। श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेवजह सवाल खड़े कर रही है, जबकि मतदाता सूची को शुद्ध और व्यवस्थित बनाने के लिए पुनरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय से कांग्रेस बौखलाई हुई है। वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस को पहले अपने राजनीतिक इतिहास और भ्रष्टाचार के मामलों पर आत्ममंथन करना चाहिए।

राज्योत्सव की तैयारियों का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 2 नवंबर को आयोजित होने वाले एकदिवसीय राज्योत्सव समारोह की तैयारियों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने जायजा लिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

श्री जैन ने मंच निर्माण, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, दर्शक दीर्घा और वीआईपी बैठक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा। कलाकारों के ठहरने, भोजन और आवास के साथ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने आयोजन स्थल के प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग तथा विभागीय स्टॉलों के स्थान निर्धारण के लिए व्यवस्थित रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की गौरवमयी यात्रा और उपलब्धियों का प्रतीक है। समारोह की सभी तैयारियां सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दर्री क्षेत्र के स्थानीय युवकों ने एचटीपीएस के ईडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवाओं द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के कार्यपालक निदेशक को क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, फ्लाई ऐश डंपिंग एवं पर्यावरणीय समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

खास बात
- फ्लाई ऐश कंपनी व प्रदूषण के समस्या के निराकरण की रखी मांग

ज्ञापन में युवाओं ने एचटीपीएस प्लांट एवं टाउनशिप में लगातार हो रही चोरियों, फ्लाई ऐश डंपिंग, गर्मी के मौसम में राखड़ उड़ने से होने वाले वायु प्रदूषण तथा आसपास के जलस्रोतों एवं कृषि भूमि पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही ग्राम नवागांव एवं मड़वामहुआ बस्ती के निकट स्थित राखड़ डंपिंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, रिटेनिंग वॉल, तटबंध एवं उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवाओं ने टाउनशिप के मध्य स्थित राखड़ डंप को हटाने अथवा आवासीय क्षेत्र से सुरक्षित दूरी पर व्यवस्थित करने, प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कराने तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग भी रखी। इसके अतिरिक्त राखड़ बांध के आसपास वृक्षारोपण कराने, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने, पुराने आवासीय क्वार्टरों के ध्वस्तीकरण से संबंधित मामलों की जांच तथा निर्माण कार्यों में स्थानीय युवाओं को नियमानुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की सीएसआर निधि का उपयोग स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य आवश्यक सामुदायिक सुविधाओं के विकास के लिए पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र एवं उचित निराकरण नहीं किया गया, तो दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवा जनहित में चरणबद्ध एवं लोकतांत्रिक आंदोलनात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने का उद्देश्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं को कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाना तथा पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और स्थानीय निवासियों के हित में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिव्यांश अग्निहोत्री, योगेश जायसवाल, पुष्पेंद्र भारिया, किशोर साहू, विजय साहिस, भुवनेश्वर दुबे, नीरज यादव, मोनेश टंडन सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


ज्ञापन सौंपने पहुंचे क्षेत्र के स्थानीय युवा।

हजारों लोगों की रोज आवाजाही, फिर भी कुचेना अंडरब्रिज बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कुचेना अंडरब्रिज।

गेवरा और दीपका को जोड़ने वाले कुचेना बाईपास मार्ग का रेलवे अंडरब्रिज लंबे समय से बदहाली का शिकार है। अंडरब्रिज से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है लेकिन सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ा हुआ डामर राहगीरों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहा है। जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 64 की पार्षद आरती लखन और बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र के वार्ड 19 के पार्षद लक्ष्मण सिंह कंवर ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 4 नवंबर से आम जनता के साथ हड़ताल और चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है। कुचेना अंडरब्रिज से एसईसीएल के दीपका और गेवरा प्रोजेक्ट सहित कई निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों की बड़ी संख्या रोजाना गुजरती है। इसके अलावा बिलासपुर की ओर जाने वाले लोगों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में सड़क की बदहाली का सीधा असर हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर पड़ रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंडरब्रिज का निर्माण बेहद संकरा और गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया। सड़क पर कराया गया डामरीकरण भी कथित तौर पर इतना कमजोर था कि एक महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी। वर्तमान में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पार्षदों का आरोप है कि गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय कई जगह मिट्टी और कंक्रीट डालकर पैचवर्क किया जा रहा है। इससे सड़क की स्थिति सुधारने के बजाय और खराब हो रही है। बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच गड्ढे फिर उभर आने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रोजाना हजारों लोगों के गुजरने वाले इस मार्ग की बदहाली ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता के साथ-साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

इंटक की केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा क्षेत्रीय कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा क्षेत्र की नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह एवं केंद्रीय महामंत्री प्रीतम नाथ पाठक द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार विकास शुक्ला को क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा रोहित कुमार को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यकारिणी में परदेशी सिंह एवं रामदुलार साहू को कार्यवाहक अध्यक्ष, रमनारायण गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शैलेन्द्र यादव, बृजेश सिंह, गोविंद राम साहू, रीता कुमारी, मनप्रीत कौर एवं दीपक टोप्पो को उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजू सिंह एवं विमल कुमार पाण्डेय को उपमहामंत्री, अलीन एक्का को सचिव तथा अनिता कंवर, सुजान सिंह, रानी महंत एवं कृतिका कंवर को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं कन्हैया लाल, महेन्द्र कुमार, रामप्रताप, अमर सिंह एवं बाबू सिंह को संगठन सचिव बनाया गया है। दिलीप जायसवाल को कोषाध्यक्ष, छेदीलाल को उपकोषाध्यक्ष, रूपा यादव एवं धनेश्वरी को कार्यालय सचिव तथा कृष्ण कुमार बरेट को चिकित्सा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जारी आदेश में अनेक कर्मचारियों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस गठन का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना तथा कर्मचारियों की समस्याओं, अधिकारों, कार्यस्थल की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाना है। नवनियुक्त अध्यक्ष विकास शुक्ला ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों का हित, सम्मान और अधिकारों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से बात रखी जाएगी।

बारिश के मौसम में जमीन पर गिरे चालू बिजली के तारों से ग्रामीणों में दहशत

नगोई बछेरा में जर्जर बिजली तार बना खतरा, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


जर्जर बिजली खंभा व तार।

पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगोई बछेरा में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। गांव में सर्विस लाइन के खंभों पर लगे बिजली के तार जर्जर होकर कई स्थानों पर टूटकर जमीन पर गिर गए हैं। हैरानी की बात यह है कि ये तार अब भी चालू स्थिति में हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

ग्राम पंचायत नगोई बछेरा के सरपंच ज्योति भूषण पोर्ते ने विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को पत्र लिखकर बताया कि पंचायत भवन से उपरपारा जाने वाले मार्ग तथा रमेश यादव के घर से नंदू पटेल के घर की ओर लगे सर्विस लाइन के तार कई स्थानों पर टूटकर नीचे गिर चुके हैं। जमीन पर पड़े इन चालू तारों से ग्रामीणों और राहगीरों को लगातार खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ग्राम पंचायत द्वारा जर्जर बिजली तारों को बदलने और सुधार कार्य कराने के संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचना दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की इस उदासीनता के कारण ग्रामीणों में नाराजगी और भय का माहौल है। ग्राम पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, कटघोरा के अधिकारियों से पुनः मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर टीम भेजकर टूटे हुए चालू बिजली तारों को बदला जाए तथा आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए। पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया और इन चालू तारों से कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उससे होने वाली जनहानि, आर्थिक क्षति एवं मुआवजे की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की होगी। ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर संभावित हादसे को रोकने की मांग की है।

कोरबा। अर्नब तूफान से हुई दो दिन लगातार बारिश के शुक्रवार को थमने से लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार व गुरुवार को दिनभर हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया था। तूफान के प्रभाव के कारण गुरुवार को स्कूल बंद रहे।

कोरबा मार्केट
स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
8770020185, 07759-222211
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसरीबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

सड़कों की हालत खराब...



सेक्टर डी यदुनंदन नगर की सड़क पर बने गड्ढे में भरा पानी।



सेक्टर डी यदुनंदन नगर की खराब सड़क से गुजर रहे भारी वाहन।



अशोक नगर की सड़क अब तक नहीं बनी, मिट्टी और कीचड़ से होकर गुजरते हैं लोग।

खबर संक्षेप

स्कूल से पंखे और ट्यूबलाइट पार

बिलासपुर। अज्ञात चोरों ने स्कूल को निशाना बनाकर पंखे और ट्यूबलाइट सहित 10 हजार रूपए का माल पार कर दिया है। पुलिस ने प्रधान पाठक की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार हर्ष हेवंस टॉवर के पास अशोक नगर निवासी श्रीमाती पांडेय पति रामधनी पांडेय चांटीडीह स्कूल में प्रभारी प्रधान पाठक के तौर पर पदस्थ हैं। 28 अक्टूबर की शाम4 बजे स्कुल की छुटटी के बाद ताला लगाकर घर चली गई। 29 अक्टूबर को छुट्टी होने के कारण सीधे 30 अक्टूबर को स्कूल पहुंचीं। इस दौरान प्रिसिंपल प्रमीला पॉल ने बताया कि स्कूल का ताला तोड़कर पंखा 8 नग सिलिंग पंखा, 9 नग टयुबलाइट, बल्ब 2 नग,स्वीच बोर्ड 4 नग सहित 10 हजार रूपए का सामान अज्ञात चोर ने चोरी की है। इसके बाद प्रधान पाठक ने सरकंडा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

पांच पदों के लिए कौशल परीक्षा 2 और 4 को

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के पांच पदों के लिए कौशल परीक्षा 2 एवं 4 नवंबर को होगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद मेरिट सूची तथा कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट पीएडीए एवं ब्लॉक डाटा मैनेजर पदों की कौशल परीक्षा 2 नवंबर को शासकीय महिला आईटीआई, कोनी, बिलासपुर में होगी। वहीं डेंटल असिस्टेंट एनयूएचएम, नर्सिंग ऑफिसर–एनएचएम एवं नर्सिंग ऑफिसर–यूएचएम पदों की कौशल परीक्षा 4 नवंबर को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, राजेन्द्र नगर, नेहरू चौक में होगी। अभ्यर्थियों की उपस्थिति एवं दस्तावेज का परीक्षण सुबह 10 से 11 बजे तक है। कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे तक संबंधित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

शिवतराई से रास्ता किया जाएगा डायवर्ट, लोरमी की ओर से आने वाले सैलानी ले सकेंगे भ्रमण का आनंद

कल से ओपन होगा एटीआर का गेट सड़क खराब, डायवर्ट किया गया रुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन का रास्ता रविवार एक नवम्बर से सैलानियों के लिए ओपन कर दिया जाएगा, लेकिन इस गेट के ओपन होने से पहले बारिश ने भ्रमण करने वाले रास्ते को कीचड़ और जर्जर कर दिया है। इसकी वजह से सड़क सुधार कार्य करने के साथ ही शिवतराई की ओर से रास्ते को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है।

बारिश के मौसम में चार माह बंद करने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व कें कोर जोन का रास्ता 1 नवम्बर रविवार से सैलानियों के भ्रमण कराने के लिए एक बार फिर से खोला जा रहा है। इस वर्ष कोर जोन में भ्रमण के लिए शिवतराई के साथ एक नया गेट केंवची की ओर से भी बना दिया गया है, जिसमें लोरमी की ओर से आने वाले सैलानी भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान सैलानियों को घूमकर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा। शिवतराई के गेट से अभी तक बफर



जोन और विस्थापित ग्रामीणों का आना-जाना हो रहा था, जिसमें बेरियर पर बैठे कर्मचारी सारी गाड़ियों के नम्बर और उनके वाहन मालिक के नाम को भी नोट कर रहे थे। इसके साथ ही भ्रमण कराने वाली जिप्सी और महारानी को भी चार माह के लिए रोक दिया गया है, जिसमें समिति के सदस्य ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ चौकसी का काम कर रहे थे। एक नवम्बर रविवार से सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए रास्ता ओपन करने से पहले प्रबंधन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

दो दिन की बारिश ने शिवतराई और केंवची की ओर से कोर जोन में भ्रमण का रास्ता पूरी तरह से खराब कर दिया है, जिसमें जिप्सी और महारानी का चलना काफी मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को प्रबंधन ने पूरे कोर जोन का निरीक्षण करने के बाद दोनों ओर से आने वाले रास्ते को मरम्मत करने तक भ्रमण का मार्ग डायवर्ट करने का फैसला लिया है।

किया जा रहा डायवर्ट

बारिश की वजह से कोर जोन की सड़क खराब हो गई है, जिसे मरम्मत कार्य कराना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही केंवची गेट ओपन होने के अलावा शिवतराई की ओर से आने-जाने वाला रास्ता 1 नवम्बर को ओपन हो रहा है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन वन मंत्री के हाथों से कराया जा रहा है। इस दौरान रास्ते को डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है, ताकि पहले दिन भ्रमण करने वाले सैलानियों को कोई परेशानी न हो सके।

-तन्मय कौशिक, प्रभारी डीएफओ, एटीआर

पौने दो करोड़ में बनेगी देवकीनंदन चौक से महामाया चौक की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक जल्द ही नई सड़क मिल सकेगी। 1.82 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली इस सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है।

- वर्कआर्डर जारी, जल्द शुरू होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग द्वारा बारिश समाप्त होते ही शहर के भीतर व बाहर लगातार सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुरानी सड़कों की मरम्मत का काम तो किया ही जा रहा है, वहीं नई सड़कें भी बनाई जानी है। इसी कड़ी में देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक 1. 30 किलोमीटर लंबाई में नई सड़क का निर्माण किया जाना है। सड़क की कुल लागत 182 लाख 84 हजार होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क के निर्माण के लिए संबंधित ठेकेदार गजराज इंजीनियरिंग को 8 सितंबर को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार कार्य एजेंसी ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए कार्य एजेंसी को चार महीने का समय दिया गया है।

जारी हो गया है वर्क आर्डर

देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक नई सड़क का निर्माण किया जाना है। संबंधित कार्य एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है। इस सड़क के बनने से शहरवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

-आदित्य ग्रोवर, ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

पटवारी 18 दिनों से हड़ताल पर, वापसी के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

13 अक्टूबर से प्रारंभ हुई पटवारियों की हड़ताल आज 18 दिनों बाद भी जारी है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों के अभी भी काम पर लौटने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इधर जिले के सभी पटवारी कार्यालयों में तालेबंदी है, जिससे राजस्व संबंधी कोई कामकाज नहीं होने के कारण पक्षकारों की परेशानी बढ़ गई है।

- पटवारी ऑफिस में तालेबंदी

प्रदेश में इन दिनों राजस्व व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हालत में नजर आ रही है। इसके पीछे पटवारियों के 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाना है। पटवारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों पटवारी से आरआई प्रमोशन, वेतन निर्धारण का निराकरण एवं पीवी एप के बहिष्कार को लेकर हड़ताल की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते अठारह दिनों से लगातार पटवारियों की प्रदेश स्तर पर हड़ताल जारी रहने के कारण एक ओर जहां राजस्व विभाग के जमीनी स्तर के काम ठप हो चुके हैं, वहीं आम पक्षकारों को परेशान होना पड़ रहा है। पक्षकारों के जाति-निवास, आमदनी, बटांकन, फौती-नामांतरण त्रुटि सुधार एवं डायवर्सन जैसे मूलभूत काम भी संपन्न नहीं हो पा रहे हैं। पटवारी संघ के अनुसार उनकी मांगों की पूर्ति को लेकर शासन स्तर पर लगातार वार्ता जारी है, लेकिन सफल नहीं हो पाने के कारण हड़ताल समाप्त नहीं हो पा रही है। संगठन ने फिलहाल हड़ताल समाप्त कर काम पर वापसी जैसी स्थिति से इंकार किया है। ज्ञात हो कि जिले के सारे पटवारी कार्यालयों में तालेबंदी है।

की जा रही है वार्ता

पटवारियों की हड़ताल अब भी जारी है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए मुख्यालय स्तर पर शासन से वार्ता जारी है। शासन द्वारा मांग पूरी नहीं करने की स्थिति में राज्य स्तर पर संगठन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार रणनीति बनाई जाएगी। फिलहाल काम पर वापसी की संभावना नहीं है।

-विजय भारत साहू
जिलाध्यक्ष पटवारी संघ

बिना विलंब शुल्क तिथि बढ़ाने की मांग

बिलासपुर। एयू के शिक्षण विभाग यूटीडी के विद्यार्थियों को इस बार परीक्षा फार्म भरने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने के लिए बिना विलंब शुल्क के सीमित समय दिया गया। इसलिए विद्यार्थियों ने बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। एयू अंतर्गत शिक्षण विभाग यूटीडी के विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों का शुरुआत से एडमिशन लॉक विभागों द्वारा पोर्टल पर नहीं किया गया था। प्रवेश के समय वीएसी में लिए गए विषय पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। प्रवेश के समय विषय परिवर्तन कराने वाले विद्यार्थियों कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। पोर्टल पर पेमेंट गेटवे उपलब्ध नहीं होने के कारण अनेक विद्यार्थी आनलाइन शुल्क जमा नहीं कर पा रहे थे। इन समस्याओं के समाधान के लिए विद्यार्थी अपने विभागों के चक्कर लगा रहे थे। विद्यार्थियों का यह भी कहना है कि बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भरने कम समय दिया गया। इसलिए यूटीडी के विद्यार्थियों ने बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की बढ़ाए जाने की मांग की गई है।

राइस मिलों से अब बारकोड के साथ बाहर आएंगी चावल की बोरियां

बिलासपुर। राइस मिलों से निकलने वाली चावल की बोरियां अब बारकोड के साथ बाहर आएंगी। शासन द्वारा जारी कस्टम मिलिंग नीति में इस बार यह बड़ा बदलाव किया गया है। चावल की प्रत्येक बोरियों में बारकोड अंकित होने के पीछे पीडीएस को और स्मार्ट, सशक्त और पारदर्शी बनाया जाना प्रमुख कारण माना जा रहा है।

भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में केन्द्र एवं राज्य योजनाओं के तहत बारदानों में क्यूआर कोड आधारित खाद्यान्न खरीदी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चावल की प्रत्येक बोरी पर आवश्यक विवरण सहित क्यूआर कोड अंकित कर मिल से भारतीय खाद्य निगम,नागरिक आपूर्ति निगम एवं उचित मूल्य दुकानों तक शत प्रतिशत स्कैनिंग एवं ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी। इसके माध्यम से शुरू से अंत तक सप्लाई चेन का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। भारत सरकार द्वारा क्यूआर कोड लागू करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक क्यूआर टैगयुक्त बैग को कॉस्ट शीट नंबर (सीएसएन) से जोड़कर उसकी एंड-टू-एंड ट्रेसिबिलिटी, स्वचालित सब्सिडी बिल जनरेशन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना, हेराफेरी एवं प्रतिस्थापन की रोकथाम, मौसमवार एवं कॉस्ट शीटवार ट्रैकिंग तथा रियल-टाइम स्टॉक मॉनिटरिंग को सक्षम बनाना है।

केंद्रीय पूल में 73, तो राज्य पूल में 17.28 लाख टन चावल का उपार्जन

छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजनांतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं भारत सरकार की अन्य योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के लिए चावल की वार्षिक आवश्यकता का उपार्जन छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमि. द्वारा एवं सरप्लस चावल का उपार्जन भारतीय खाद्य निगम द्वारा किया जाना है। उपार्जित धान की त्वरित मिलिंग के बाद चावल का अंतरण उपार्जन एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं भारतीय खाद्य निगम को किया जावेगा। इसके अंतर्गत केन्द्रीय पूल में 73 लाख टन एवं राज्य पूल अंतर्गत 17.28 लाख टन सामान्य चावल का उपार्जन नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जावेगा।

जारी की गई है नीति

शासन द्वारा धान की कस्टम मिलिंग नीति जारी की गई है। शासन द्वारा इस बार एक नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत राइस मिलों से निकलने वाली चाचल की प्रत्येक बोरियों पर क्यूआर बारकोड अंकित होगा। शासन का यह बदलाव पीडीएस को और स्मार्ट, पारदर्शी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

दुकान में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

बिलासपुर। राजेंद्र नगर चौक में दोपहर को अफरा-तफरी मच गई। सिद्धिविनायक वाजपेयी चेंबर के ग्राउंड फ्लोर स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने की कोशिश की और आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। राजेंद्र नगर चौक स्थित दुकान



में अचानक आग लगने से अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और बिना देर किए आग बुझाने में लग गए। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मंदिर चौक में बायीं तरफ खड़े होकर ग्रीन सिग्नल का इंतजार कर रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के अति व्यस्ततम मंदिर चौक में वाहन चालकों को लगातार गलत दिशा में खड़े होकर सिग्नल के ग्रीन होने का इंतजार करते देखा जा रहा है।

गलत तरीके से सिग्नल पर खड़े इन वाहन चालकों के कारण बायीं ओर मुड़कर जाने वाले अन्य वाहन चालकों को अनावश्यक खड़ा होना पड़ रहा है। इस दौरान लगातार वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। शहर के कई अन्य सिग्नलों में भी यातायात व्यवस्था की यही हालत है। बायीं दिशा केवल आवागमन के लिए होने की जानकारी होने के बाद भी वाहन चालक लगातार गलत दिशा में खड़े होकर व्यवस्था खराब कर रहे हैं। वर्तमान में त्योहारी सीजन होने के कारण वैसे भी शहर के यातायात में भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लगातार जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है।



किराए के मकान से लैपटाप पार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। अज्ञात चोर ने किराए के मकान से लैपटॉप चोरी कर लिया है। प्रार्थी ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। औरदा थाना पुसौर जिला रायगढ़ निवासी छात्र सोमेश साव पिता गजेन्द्र कुमार साव वर्तमान में बंगालीपारा गली नं 3 में किराए के मकान में रहता है और सीएमडी कालेज में बीए की पढ़ाई कर रहा है। छात्र ने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह उसके बड़े रूम में आए थे और अपना लैपटॉप को कमरे के अंदर रख कर चले गए। इस दौरान 29 अक्टूबर को प्रार्थी ने लैपटॉप को चेक किया लेकिन बेग में लैपटॉप नहीं मिला। अज्ञात चोर ने रूम के अंदर रखे लैपटॉप की चोरी कर ली है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

अंचल में धान की फसल पर बेमौसम बारिश का कहर

बिर्रा। क्षेत्र में बेमौसम बारिश से बिर्रा अंचल के अलावा आसपास क्षेत्र के किसान परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ धान की फसल को कीट ब्याधि से बचाने को लेकर किसान चिंतित हैं। इस समय किसानो को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

इस संबंध में कृषक मित्र डी एन देवांगन ने बताया कि इस समय क्षेत्र के किसान अपनी धान की फसल को कीट ब्याधि से बचाने को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित हैं। वहीं दूसरी तरफ बेमौसम बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। अर्थात किसानों को इस समय दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। अभी अर्ली वेरायटी का धान खेतों में पककर तैयार है। कई किसानों के खेतों में धान की बालियां लहलहा रही है, तो अधिकतर किसानों के खेतों में लगी



धान की फसल इस समय गम्भोट अवस्था में है, लेकिन बेमौसम बारिश से सभी अवस्था के धान की फसल को नुकसान होगी। ऐसे में जिले के किसान अपने फसल की सुरक्षा को लेकर कॉफी चिंतित नजर आ रहे है। सिंचित क्षेत्र के किसानो खेतों में लहलहा रहीं धान की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान है। वहीं दूसरी तरफ असिंचित क्षेत्र के किसानों के खेतों में लगी धान की फसल के लिए यह बारिश अमृत के सामान भी साबित होगा।

इलाज के बहाने महिला से छेड़खानी झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

इलाज के बहाने महिला से छेड़खानी मामले में झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरा का है। इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने 28 अक्टूबर को थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अक्टूबर को सिर दर्द की शिकायत होने पर उसके पति उसे रायपुरा गांव में क्लीनिक चलाने वाले आरोपी के पास इलाज कराने लेकर गए थे। आरोप है कि जांच के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ गलत नियत से छेड़खानी की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बाराद्वार में अपराध क्रमांक 407/26 धारा 64(2) बीएनएस, 3(ii)(v) एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 8 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

मिलावट की आशंका, 4 दुकानों में छापामारी

बिलासपुर। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके, इसे लेकर फूड एंड सेफ्टी विभाग ने शहर के 4 दुकानों में छापामार कार्रवाई की है। अभिहित अधिकारी के निर्देशन में संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है।

- बेसन के लड्डू और गुलाब जामुन जब्त

टीम ने जरहाभाठा स्थित बंगाल स्वीट्स में सघन निरीक्षण किया किया और गुणवत्ता की पुष्टि के लिए



बेसन लड्डू और बूंदी लड्डू का आधिकारिक नमूना लिया है। इसके साथ ही साई सुपर मार्केट का भी निरीक्षण किया। लूज शक्कर तथा इंस्टेंट मिक्स गुलाब जामुन के नमूने जांच लिए गए है। अभियान के तहत कुल 4 अन्य फर्मों का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग की कार्रवाई से शहर के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

एयरपोर्ट में लेखापाल पद की चयन सूची जारी

बिलासपुर। बिलासपुर एयरपोर्ट में संविदा आधार पर लेखापाल के एक अनारक्षित पद पर भर्ती के लिए साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। चयन सूची में रायपुर के शिवानंद नगर, विनायक गार्डन निवासी सुश्री पूजा बाई मानकर पिता अनिल मानकर का चयन किया गया है। प्रतीक्षा सूची में बिलासपुर के मंगला स्थित शुभम विहार निवासी सुश्री त्रिवंकल मौर्य, कोरबा के जमनीपाली दर्री पुष्प पल्लव कॉलोनी ओमेश पटेल तथा बिलासपुर के परसदा निवासी सुश्री ज्योति साहू के नाम शामिल हैं।

खबर संक्षेप



अंततः पंचायत भवन को रात के अंधेरें व बरसते पानी में किया गया जमींदोज

हरदीबाजार। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत भवन को शिफ्ट करने व तोड़ने के लिए बुधवार को सुबह 8 बजे आए तहसीलदार व सीईओ पाली के कार्यवाही का जमकर विरोध किया था। वहीं तीन दिन के अंदर समरसता भवन में सभी जरूरी व्यवस्था पूरी करते ही शेष बचे अन्य सामानों को गुरुवार को समरसता भवन में शिफ्ट कर दिया गया। फिर रात 7-8 बजे के दरम्यान पीसी मशीन से पहले पंचायत भवन फिर शुक्रवार को सुबह 10 बजे पानी टंकी को जमींदोज कर दिया गया। अब आने वाले समय में एसईसीएल के लिए भूमि की कमी दूर हो गई, आने वाले दिनों में पूर्व विधायक बोधराम कंवर भी अपने मकान, परिसंपत्तियों को लेकर अन्य स्थान पर व्यवस्थित हो जाएंगे। इसके बाद एसईसीएल दीपका प्रबंधन को कोयला उत्खनन व खदान विस्तार के लिए बड़ी मात्रा में जमीन मिल जाऐगी।

युवा संसद प्रतियोगिता में सोनाखान ने जीता पहला स्थान, छुरीकला रहा द्वितीय स्थान पर



कटघोरा। प्रधानमंत्री श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में द्वितीय राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेंट्रल रीजन के चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों सोनाखान, छुरीकला, बसोली एवं करपावंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए ईएमआरएस सोनाखान ने प्रथम, मेजबान विद्यालय ईएमआरएस छुरीकला ने द्वितीय तथा ईएमआरएस बसोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में राज्य प्रतिनिधि निर्णायक के रूप में प्राचार्य अमित कुमार पाण्डेय तथा सदस्य के रूप में प्राचार्य अरुण कुमार पात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, प्राचार्य प्रशांत रहाटे एवं प्राचार्य अच्छे लाल निषाद उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में चारों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने संसद की कार्यवाही, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, जनहित के मुद्दों, प्रश्नोत्तर एवं तार्किक संवाद के माध्यम से अपनी संसदीय दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में श्रीअग्रसेन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



कोरबा। जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 24 अक्टूबर को राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित इंटर स्कूल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में अग्रसेन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 16 पदक अपने नाम किए। इनमें 11 स्वर्ण, 3 रजत एवं 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ विद्यालय ने जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय के खाते में 11 स्वर्ण पदक आए। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने 3 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में पीटीआई एवं किकबॉक्सिंग कोच प्रभात साहू का योगदान रहा।

जिले के 86 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स को मिला राज्यपाल पुरस्कार

कोरबा। राज्य पुरस्कार जांच शिविर 2025 में सफल होने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिले के 86 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स को सफलता मिली थी। 29 अक्टूबर को लोकभवन, रायपुर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेशभर से पहुंचे स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स को राज्य पुरस्कार के प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं लीडर्स को भी अलंकृत किया गया। समारोह में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्काउट ओम सोनी, रोवर दुर्गेश कुमार केवट, गाइड रितुरानी मोदी और रेंजर सुप्रिया साहू ने राज्यपाल रमेन डेका के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किए। जिले के प्रतिभागी एएलटी गाइड कैप्टन पूर्णिमा भट्टाचार्य के नेतृत्व में समारोह में शामिल हुए।

पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सुगंधित धान की फसल को हुआ ज्यादा नुकसान

अर्नब तूफान से धान की फसल गिरी, नुकसान का सर्वे करने कृषि विभाग की बनाई गई टीम



तूफान में चली हवा से खेतों में गिरी धान की फसल और भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से दिनभर चली तेज हवाएं और बारिश के कारण अधिक ऊंचाई वाले सुगंधित धान की फसल को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। जिले के पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सुगंधित धान की फसल का रकबा अन्य धान की फसल से कहीं ज्यादा है। अधिक ऊंचाई वाली फसल होने के कारण तेज हवाओं के कारण धान की फसल गिरने से सर्वाधिक नुकसान बताया गया है।

जिले में चक्रवात अर्णब के प्रभाव से लगातार बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में पककर तैयार होने की स्थिति में पहुंची धान की फसल तेज हवा के कारण जमीन पर गिर रही है। जिले में करीब 30 प्रतिशत धान के रकबे में फसल गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि खेतों में पानी भरने के मामले सामने नहीं आए हैं लेकिन तेज हवाओं से अधिक ऊंचाई वाले धान की फसल चौपट हो गई है। फसल खराब होने के डर से किसान परेशान हैं। बारिश के कारण धान की कटाई का काम भी फिलहाल प्रभावित हुआ है। बुधवार और गुरुवार को हुई बारिश का असर खेती-किसानी पर दिखाई पड़ा। खेतों में खड़ी धान की फसल तेज हवाओं के कारण धराशायी हो गई है। जिससे गिरी हुई फसल के खराब होने और उत्पादन में कमी आने की आशंका है। धान के साथ सब्जियों की फसल भी प्रभावित हुई है। किसान अब मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि खेतों से पानी निकलने के बाद नुकसान का आकलन किया जा सके। इस वर्ष जिले में लगभग 91 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की गई है। कृषि विभाग के अनुसार, करीब 43 प्रतिशत फसल पकने की स्थिति में पहुंच चुकी है। ऐसे समय में बारिश और तेज हवाओं के कारण फसल गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में अधिक समय तक पानी जमा रहने से धान की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। जो खेत निचले इलाकों में है वहां जरुर पानी भरा है। ऐसे क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले धान की फसल होने के कारण सड़ने की संभावनाएं ज्यादा बतायी गई है।

मैसमा और कटघोरा में सबसे ज्यादा बारिश

29 अक्टूबर को जिले में कुल 242.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। एक जून से 29 अक्टूबर तक जिले में औसत वर्षा का आंकड़ा 1206.3 मिलीमीटर पहुंच गया है। गुरुवार को मैसमा और कटघोरा तहसील में सबसे अधिक बारिश हुई, जबकि दीपका और कोरबा क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम वर्षा दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अब तक करीब 12 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

करतला में नहीं है सुगंधित धान का रकबा

जिले में सर्वाधिक धान का उत्पादन करतला विकासखंड में होता है लेकिन यहां के किसान सुगंधित धान की फसल कम लेते हैं। अधिकांश क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले धान की फसल लेने का चलन जिले के किसानों में ज्यादा है। कोरबा और कटघोरा ब्लॉक ऐसे ब्लॉक हैं जहां धान का रकबा अन्य विकासखंड की तुलना में कम है और इन दोनों विकासखंड में कम ऊंचाई वाले धान की फसल ली जाती है। लिहाजा कृषि विभाग मुताबिक जिन क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले धान की फसल ली जा रही है वहां नुकसान की संभावना कम है।

विभाग की टीम करेगी सर्वे

अर्नब तूफान की वजह से धान की फसल को नुकसान के सर्वे के लिए कृषि विस्तार अधिकारी की टीम बनाई गई है। सर्वाधिक नुकसान अधिक ऊंचाई वाले सुगंधित धान के फसल को हुआ है जो तेज हवाओं के कारण गिर गये हैं। पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सुगंधित धान के फसल का रकबा अन्य विकासखंड के तुलना में ज्यादा है।

- **डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

दीपावली पर सराफा कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाल ही में सराफा दुकानों, बैंक परिसरों एवं नकदी परिवहन के दौरान घटित लूट एवं उठाईगिरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सराफा दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी कोतवाली प्रेमचंद साहू द्वारा शहर के सराफा एवं ज्वेलरी दुकान संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी सराफा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं तथा उन्हें सदैव चालू हालत में रखें। कम से कम 2 कैमरे इस प्रकार लगाएं कि एक दुकान के बाहर पार्किंग क्षेत्र तथा दूसरा मुख्य सड़क की ओर निगरानी रख सके। दुकान खुलने एवं बंद होने के समय विशेष सतर्कता बरतें। पहचान छिपाने के उद्देश्य से गमछा, मास्क आदि लगाकर आने वाले व्यक्तियों पर नजर रखें तथा संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर सतर्क रहें। दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी को मजबूत और सुरक्षित तिजोरी में रखें। किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने के लिए पैनिक अलार्म एवं आपातकालीन घंटी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आभूषणों एवं नकदी की पैकिंग दुकान का शटर बंद करके करें। परिवहन से पहले दुकान के बाहर अच्छी तरह निरीक्षण कर लें कि कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि तो नहीं है। सोना-चांदी के जेवरात एवं नकदी का परिवहन करते समय विशेष सुरक्षा बरतें। अकेले अथवा दोपहिया वाहन से असुरक्षित परिवहन करने से बचें। नकदी एवं कीमती सामान ले जाने के लिए हमेशा एक ही मार्ग, समय एवं साधन का उपयोग न करें, ताकि किसी प्रकार का पूर्वानुमानित पैटर्न न बन सके। दुकान में कार्य करने वाले कर्मचारियों की पहचान सुनिश्चित करें। उनके पहचान पत्र, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराएं तथा आवश्यकता अनुसार पुलिस सत्यापन भी करवाएं। दुकान अथवा प्रतिष्ठान के आसपास किसी संदिग्ध व्यक्ति, नकाबपोश व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस नियंत्रण कक्ष अथवा डायल 112 को सूचित करें।

कम कैरेट के सोने को अधिक बताकर धोखाधड़ी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

सोना की अफरा तफरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के सदस्यों के द्वारा बेहद ही शातिराना अंदाज में कम कैरेट की सोने को अधिक कैरेट की सोना बताकर गिरवी और बेचा करते थे। पुलिस ने इसम मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरबी धतुरा निवासी संजय श्रीवास पिता दाउराम श्रीवास उम्र 46 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके गांव के इंद्रेश साहू द्वारा अपने पास 3.75 ग्राम वजन का 22 कैरेट सोने का लॉकेट होना बताया गया तथा उसकी कीमत लगभग 49 हजार से 50 हजार रुपए बताकर 45 हजार में देने की बात कही गई। 28 अक्टूबर को घंटाघर के पास इंद्रेश साहू अपने साथियों के साथ सफेद रंग की कार से पहुंचा और संजय श्रीवास से 45 हजार लेकर उसे लॉकेट दे दिया। संजय द्वारा उक्त लॉकेट की जांच दिव्य ज्वेलर्स में कराई गई, जहां जांच के दौरान उसे पता चला कि लॉकेट 22 कैरेट का न होकर 18 कैरेट सोने का है। मामले में संजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने इंद्रेश साहू के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संजय से 3.75 ग्राम वजन के सोने के लॉकेट जब्त कर आरोपी इंद्रेश कुमार साहू को उसके तीन अन्य साथियों के साथ घटना में प्रयुक्त आई-10 कार सहित पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वे आपस में संपर्क एवं समन्वय बनाकर सोने के आभूषणों की आपूर्ति, खरीद-बिक्री तथा विभिन्न गोल्ड लोन संस्थाओं में उन्हें गिरवी रखने का काम करते थे और 18 अथवा 20 कैरेट शुद्धता वाले सोने के आभूषणों को 22 कैरेट का बताकर लोगों को बेच दिया करते थे। मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रेश कुमार साहू के कब्जे से 21 सौ नगद एवं 40 हजार, एसबीआई एटीएम डिपॉजिट पर्ची एवं आरोपी लिलेश्वर सिन्हा से 1 हजार नगद, मनीष देवांगन से घटना में प्रयुक्त हुंडई आई-10 कार क्रमांक सीजी 05 एई 8013 एवं आशीष गर्ग उर्फ आशु से 2 नग सोने के लॉकेट वजन 7.89 ग्राम, 2 जोड़ी सोने की झुमकी वजन 13.40 ग्राम 20 कैरेट, 2 नग लेडिस अंगूठी वजन 6.54 ग्राम 20 कैरेट, 1 नग सोने की जेंट्स अंगूठी वजन 3.80 ग्राम तथा 1 नग बैटरी चलित ग्रे रंग की मिनी डिजिटल तौल मशीन जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में कोरबी धतुरा, थाना हरदीबाजार निवासी इंद्रेश कुमार साहू उर्फ हरिओम पिता चक्र कुमार, उम्र 31 वर्ष, पार्वती नगर गुढ़ियारी जिला रायपुर निवासी लिलेश्वर सिन्हा पिता घसियाराम सिन्हा, उम्र 52 वर्ष, मैत्री विहार सुंदरनगर, थाना डीडी नगर, जिला रायपुर निवासी मनीष देवांगन उर्फ राहुल, पिता उत्तम कुमार देवांगन, उम्र 47 वर्ष एवं गौतम कॉलोनी, सेकंड फ्लोर, नरेला, थाना नरेला, नार्थ वेस्ट दिल्ली निवासी आशीष गर्ग उर्फ आशु पिता स्व. दीपक कुमार गर्ग उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

खास बात

- पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

जीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में भूविस्थापितों की मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल गेवरा खदान मे कार्यरत निजी ठेका कंपनी पीएनसी सहित अन्य कंपनी मे कार्यरत भूविस्थापित श्रमिकों के द्वारा वेतन, बोनस, दो माह से लंबित वेतन, भर्ती प्रक्रिया मे स्थानीय बेरोजगारों को पहली प्राथमिकता सहित अन्य मांगो को लेकर 27 अक्टूबर को खदान मे 6 घंटे काम ठप कर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रबा अजय जायसवाल के नेतृत्व मे आंदोलन किया गया था तत्पश्चात एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा 29 अक्टूबर को एसईसीएल गेवरा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय मे 12 बजे मीटिंग आहूत की गयी थी। जिसमे अजय जायसवाल सहित भूविस्थापित श्रमिक गेवरा सीजीएम कार्यालय पहुंचे। जहां मुख्य महाप्रबंधक के अनुपस्थित होने पर प्रबंधन के द्वारा मीटिंग करने की बात कही गयी। जिससे आक्रोशित अजय जायसवाल व अन्य भूविस्थापितों ने मुख्य महप्रबंधक के उपस्थिति में मीटिंग करने को लेकर वही गेट मे श्रमिकों के साथ धरने पर बैठ गए और महाप्रबंधक का इंतजार करने लगे तत्पश्चात आनन फानन मे महाप्रबंधक को कार्यालय आने पर मजबूर होना पड़ा। इस दौरान महाप्रबंधक के आने तक गेट जाम रखा गया। फिर महाप्रबंधक के आने पर मीटिंग में शामिल हुए जिसमें प्रबंधन और कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे जहाँ हाई पावर कमेटी के अनुसार पेमेंट, कंपनी के द्वारा भूविस्थापितों के ऊपर किये जा रहे शोषण, दो माह से लंबित वेतन, सुरक्षा, आई कार्ड पेमेंट स्लिप भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता सहित अन्य मुद्दों पर बात हुई जिसमें एसईसीएल गेवरा के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार को अजय जायसवाल पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा के द्वारा उक्त सभी समस्याओ का कड़ाई से पालन करने और भूविस्थापित श्रमिकों के वेतन विसंगती सहित श्रमिकों के ऊपर हो रहे शोषण की पुनरावृति होने पर दोबारा खदान बंद करा आंदोलन करने की चेतावनी दी तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक गेवरा द्वारा भूविस्थापित श्रमिकों को हाईपावर कमेटी के अनुसार पेमेंट, पेमेंट स्लिप प्रदान करने, सुरक्षा उपकरण प्रदान करने दिवाली से पहले सभी कर्मचारियों को बोनस प्रदान करने और भर्ती प्रक्रिया मे स्थानीय भूविस्थापित को पहली प्राथमिकता देने पर सहमति बनी उक्त मीटिंग मे मधुसूदन दास नेता प्रतिपक्ष बांकीमोंगरा, शेत मसीह सांसद प्रतिनिधि, कमलेश प्रजापति, गोविंदा सारथी, विक्की राज, अनिल कुमार, संतोष यादव, सुजीत महंत, राजकुमार पटवा, राकेश राजपूत सहित कंपनी में कार्यरत कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मीटर बोर्ड के पास बैठा था अजगर रेस्क्यू कर छोड़ा जंगल



कोरबा। लगातार बारिश और तेज हवाओं के बीच वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में पहुंचने की दो घटनाएं सामने आईं। गुरुवार की रात पुरानी बस्ती और सीएमपीडीआई कॉलोनी मानिकपुर में विशालकाय अजगर मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही वन्यजीव रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी और उनकी टीम ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर अजगरों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। पहली घटना रात करीब 9:30 बजे पुरानी बस्ती की है। यहां बिजली के मीटर बोर्ड के पास करीब 8 फीट लंबा अजगर बैठा दिखाई दिया। सावधानीपूर्वक अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। वहीं दूसरी घटना रात करीब 10:30 बजे सीएमपीडीआई कॉलोनी मानिकपुर में सामने आई। यहां आर. लक्ष्मण ने कॉलोनी में विशालकाय अजगर की सूचना दी। टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू कर उसे भी सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

ठेकेदारों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन

एसईसीएल कुसमुंडा में विजिलेंस सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के ऊर्जा क्लब में गुरुवार को विजिलेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कुसमुंडा परियोजना में कार्यरत विभिन्न ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया। सेमिनार के दौरान उत्पादन क्षेत्र में संचालित ठेका कार्यों, कार्य निष्पादन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

सेमिनार का उद्देश्य ठेकेदारों को कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल करना था। बैठक में अधिकारियों ने ठेकेदारों से उनके कार्यों की प्रगति और कार्य निष्पादन के दौरान आने वाली कठिनाइयों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ठेकेदारों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान के लिए प्रबंधन से आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। बैठक में ठेकेदारों ने एलपीसी से संबंधित प्रक्रियाओं, भुगतान में आने वाली दिक्कतों, जेम पोर्टल से जुड़ी समस्याओं तथा अन्य प्रशासनिक और तकनीकी मुद्दों से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन प्रक्रियाओं से जुड़ी परेशानियों के कारण कई बार ठेका कार्यों के सुचारु संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक सचिन तना पाटिल ने ठेकेदारों को आश्वस्त किया कि कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। सेमिनार में एसओ (ईएंडएम) थिरु कुमार, जीएम (ऑपरेशन) गिरीश कुमार राय, एसओ (सिविल) विपिन बिहारी, एरिया पर्सनल मैनेजर आर.पी. दुबे, एरिया फाइनेंस मैनेजर रविंद्र रणवीर तथा पी.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान













क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।